हरिभूमि
# झज्जर-बहादुरगढ़ भूमि
रोहतक, शनिवार, 12 जुलाई 2025

11 डीपीएस के विद्यार्थियों ने ओलंपियाड में हासिल की रैंक



12 सीनियर तैराकी में भी झज्जर का शानदार प्रदर्शन



## खबर संक्षेप

### हत्यारोपी बेल जंपर न्यायिक हिरासत में

**बहादुरगढ़।** पांच साल पहले हुई हत्या के मामले में बेल जंपर को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया है। सेक्टर 6 थाना एसएचओ दीपक कुमार के अनुसार, मंदीप नाम के शख्स ने शिकायत दी थी कि उसका भाई ऑटो चलाता है। वह 29 फरवरी 2020 को घर से गया था, लेकिन वापस नहीं आया। जांच की तो पता चला कि उसका अपहरण हुआ है। इस संबंध में आरोपी राहुल निवासी नूना माजरा को काबू किया। उसकी निशानदेही पर मृतक संदीप का शव बरामद हुआ। इस मामले में बेल पर आने के बाद आरोपी हाजिर नहीं हुआ। मामले में अब आरोपी को पकड़कर जेल भेज दिया है।

### छोटूराम नगर में महिला की मौत

**बहादुरगढ़।** लाइनपार के छोटूराम नगर में एक महिला की मौत हो गई। मौत का कारण स्पष्ट नहीं है। मृतका की पहचान करीब 30 वर्षीय गुड़िया के रूप में हुई है। छोटूराम नगर की रहने वाली थी। शुक्रवार की सुबह उसे नागरिक अस्पताल में लाया गया। जहां चिकित्सकों द्वारा मृत घोषित कर दी गई। सूचना पाकर लाइनपार थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और आवश्यक कार्रवाई शुरू की। महिला की मौत कैसे हुई, यह फिलहाल स्पष्ट नहीं है। परिजनों के बयान और पोस्टमार्टम रिपोर्ट के बाद स्थिति स्पष्ट हो पाएगी।

### भाविप का हैल्थ चैकअप कैंप कल

**बहादुरगढ़।** भारत विकास परिषद के 63वें स्थापना दिवस पर लाइनपार के एमएस हाई स्कूल में निशुल्क स्वास्थ जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा। रविवार 13 अप्रैल को सुबह 10 बजे से 12 बजे तक डॉक्टर संजय स्पेशिलिटी हॉस्पिटल के हड्डी रोग विशेषज्ञ डॉ संजय सिंह, मेडिसिन के डॉ रमेश, सर्जरी के डॉ चंचल, स्त्री रोग विशेषज्ञ डॉ तरुणा शर्मा और डॉ. नवीन मलिक लोगों के स्वास्थ्य की जांच करेंगे।

### 31 जुलाई तक करा सकते हैं बीमा

**बहादुरगढ़।** कृषि विभाग ने खरीफ 2025 और रबी 2025-26 के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना की अधिसूचना जारी कर दी है। ऋणी किसान, गैर ऋणी किसान और बंटाईदार किसान अपनी फसलों का बीमा 31 जुलाई तक करा सकते हैं। इस बारे में जानकारी देते हुए भाजपा किसान मोर्चा के जिलाध्यक्ष राम अहलावत ने कहा कि गैर ऋणी किसान अपनी फसलों का बीमा नामांकन की अंतिम तिथि 31 जुलाई तक निकट के केन्द्रीय सहकारी बैंक क्षेत्रीय, ग्रामीण बैंक, वाणिज्यिक बैंक की शाखाओं, डाकघर, सीएससी के माध्यम से करा सकते हैं। फसल कटाई के बाद आगामी 14 दिनों तक खेत में सुखाने के लिए रखी गई अधिसूचित फसल को चक्रवात, चक्रवाती वर्षा, बेमौसमी वर्षा, ओलावृष्टि से क्षति होने पर बीमित किसान व्यक्तिगत आधार पर बीमा क्लेम के लिए दावा कर सकता है।




### बुजुर्ग को सांप ने डसा रोहतक पीजीआई रेफर

**बहादुरगढ़।** इन दिनों इलाके में सर्पदंश के मामले बढ़ रहे हैं। चंद दिनों में दो मामले सामने आ चुके हैं। अब गांव डाबोदा में एक व्यक्ति को सांप द्वारा डसा गया है। घायल की पहचान रणबीर के रूप में हुई है। उसे पीजीआई रोहतक रेफर किया गया है। दरअसल, बरसाती मौसम में बिलों में पानी भरने से सांप बाहर निकलने लगते हैं। इसलिए इन दिनों में स्नेक बाइट के केस बढ़ जाते हैं। हाल ही में कानोंदा में ही एक व्यक्ति को सांप ने डस लिया था।

**किसानों की धान की फसल जलने का खतरा**

**पानी की जल्द निकासी करवाने की मांग**

# जल निकासी परियोजना का कार्य अधूरा, 400 एकड़ में भरा पानी



**झज्जर।** बुकनवाली पंप हाउस पर पानी निकासी के लिए लगाई गई मोटर पर चढ़ी धूल



**झज्जर।** निकासी व्यवस्था न होने के कारण खेतों में भरा बरसाती पानी।

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

क्षेत्र के गांव माजरा दूबलधन में करोड़ों रुपये की जल निकासी परियोजना ही जल भराव का कारण बनती जा रही है। किसानों का कहना है कि जटेला धाम की तरफ के जंगल में साहीशेर से लुहारू कैनाल तक करीब सवा छह करोड़ रुपये की यह परियोजना क्रियान्वित की गई थी। पिछले बरसात के मौसम से पहले मेरगाला जोहड़ तक पाइपलाइन बिछाने का काम पूरा हो चुका था। लेकिन प्रशासन की लापरवाही से यह परियोजना क्रियान्वित नहीं हो सकी। बुकनवाली जोहड़ पर इसका पंप हाऊस बना हुआ है पर बिजली की व्यवस्था न होने के कारण करीब 400 एकड़ भूमि में जल भराव है। किसानों के अनुसार थलियों व ऊंचे खेतों के पानी से इसकी हौदियां ओवरफ्लो होने के कारण सैकड़ों एकड़ भूमि झील का रूप ले रही है। इस जलभराव के कारण जटेला धाम का संपर्क भी माजरा, सिवाना व बांसगांव से टूट जाता है। किसान सतेंद्र ने बताया कि बीती बारह जून को जब सीएम नायब सैनी जटेला धाम आए थे तो गांव वासियों को उम्मीद जगी थी कि जल निकासी की परियोजना से उन्हें जल भराव से निजात मिलेगी लेकिन बिजली व्यवस्था न होने के कारण स्टेडियम, बुकनरवाली, खुड्डहर व साहीशेर का जंगल जल भराव की चपेट में आ गया है। सतेंद्र ने कहा कि यदि समय रहते पानी निकासी नहीं हुई तो उसकी धान की फसल हर साल की तरह इस बार भी जल भराव की भेंट चढ़ जाएगी। दिलसुख व दीपक ने बताया कि वे अपनी इस समस्या से डीसी को भी अवगत करा चुके हैं।

### ड्रेनों की सफाई पर ध्यान दें : उपायुक्त




**झज्जर।** जिलेभर में चल रही विकास परियोजनाओं की नियमित मॉनिटरिंग करते हुए अधिकारी निर्धारित समयावधि में पूरा करना सुनिश्चित करें। साथ ही बाढ़ नियंत्रण उपाय को लेकर सभी ड्रेनों और नालों की छंटाई व सफाई का कार्य निरंतर जारी रखें ताकि कहीं पर जलभराव की स्थिति पैदा ना हो सके। यह निर्देश डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने लघु सचिवालय सभागार में अधिकारियों की बैठक में योजनाओं और परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए दिए। उन्होंने कहा कि बरसाती सीजन के चलते जल निकासी नालों,ड्रेनों इत्यादि की सफाई पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है। जल निकासी कार्य के लिए जरूरत अनुसार पंपसेट से पानी निकासी का कार्य पूरा किया जाए। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि मुख्यमंत्री द्वारा की गई घोषणा पर जल्द से जल्द अमल करके उनको पूरा करवाया जाए।

## हृदयगति रुकने से असम राइफल के जवान का निधन

- सिवाना के 44 वर्षीय राजपाल कादियान मणिपुर में तैनात थे
- पार्थिव शरीर आज पहुंचेगा, सैनिक सम्मान से अंतिम विदाई

**झज्जर।** असम राइफल में तैनात क्षेत्र के गांव सिवाना निवासी जवान करीब 44 वर्षीय राजपाल कादियान का हृदयगति रुकने से निधन हो गया। राजपाल कादियान के चाचा जयभगवान ने बताया कि राजपाल पिछले 21 वर्षों से असम राइफल्स सेना में तैनात था। वर्तमान में वह मणिपुर में सेवा दे रहा था, जहां ड्यूटी के दौरान अचानक उसके सीने में दर्द उठा और उसका निधन हो गया। परिजनों ने बताया कि शनिवार की सुबह सैनिक राजपाल कादियान का पार्थिव शरीर गांव पहुंचेगा। जहां सैनिक सम्मान के साथ उन्हें अंतिम विदाई दी जाएगी।

## गुरुग्राम माइनर में महिला का शव मिला, नहीं हुई शिनाख्त

**बहादुरगढ़।** गांव रोहद से गुजर रही गुरुग्राम माइनर में एक महिला का शव अर्धनग्न अवस्था में मिला है। शव कई दिन पुराना है और पहचान नहीं हो पाई है। महिला किन परिस्थितियों में डूबी, यह फिलहाल सवाल बना हुआ है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से मौत के राज का खुलासा हो सकेगा। पुलिस ने फिलहाल पहचान के प्रयास शुरू कर दिए हैं। घटना शुक्रवार दोपहर की है। दरअसल, रोहद से गुजर रही माइनर किनारे अटके शव पर किसी की नजर पड़ी। इसके बाद पुलिस को सूचना दी गई। आसौदा थाने से पुलिस मौके पर पहुंची और शव को जैसे तैसे पानी से बाहर निकाला। शव अर्धनग्नावस्था में मिला है। शव कई दिन पुराना प्रतीत होता है। प्रारंभिक तौर पर शरीर पर चोट के निशान नहीं मिले हैं। महिला कौन है, वह खुद डूबी या इसके पीछे कोई और राज है, यह फिलहाल सवाल बने हुए हैं। पुलिस ने फिलहाल शव को 72 घंटे के लिए नागरिक अस्पताल के शवगृह में रखवाया है।

**उम्र 35 वर्ष के लगभग**

जांच अधिकारी सज्जन सिंह के अनुसार, मृतका की उम्र करीब 35 वर्ष आंकी जा रही है। शव कई दिन पुराना है। शरीर पर किसी तरह की चोट के निशान नहीं है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट से सही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी। शव की शिनाख्त के लिए प्रयास किए जा रहे हैं।

## दो दिन में तीसरी बार आया भूकंप अबकी बार भी झज्जर ही रहा केंद्र

### रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.7 रही

हरिभूमि न्यूज ⏭ झज्जर

शहर के लोगों ने दूसरे भी भूकंप के झटके महसूस किए। अबकी बार भी भूकंप का केंद्र झज्जर बताया जा रहा है। दो दिनों में तीसरी बार आया भूकंप लोगों में चर्चा का विषय रहा। रिक्टर स्केल पर भूकंप की तीव्रता 3.7 बताई जा रही है।

इस भूकंप की गति वीरवार के मुकाबले कम रही। शुक्रवार की शाम सात बजकर पचास मिनट पर भूकंप के झटके महसूस होते ही लोगों ने एक-दूसरे के पास फोन करने शुरू कर दिए। बता दें कि वीरवार की सुबह आए भूकंप के झटकों से भी शहर की धरती दहल गई थी। लोगों ने पांच मिनट के अंतराल पर एक के बाद एक दो बार भूकंप के झटके महसूस किए थे। पहला झटका जहां जोरदार था वहीं दूसरा झटका हल्का व चंद सैंकेंड का था। तीव्र गति से आए इस भूकंप से लोग सहम गए थे। रिक्टर स्केल पर इस भूकंप की तीव्रता 4.4 मापी गई थी और भूकंप का केंद्र झज्जर बताया गया था। हालांकि भूकंप के कारण किसी प्रकार का कोई नुकसान नहीं हुआ।




## कल मनाया जाएगा दूसरा अंतरराष्ट्रीय चूरमा दिवस

■ इंग्लैंड में भारतीय मूल के काउंसलर रोहित अहलावत ने पिछले साल की थी शुरुआत

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

इंटरनेशनल हरियाणा एजुकेशन सोसायटी द्वारा रविवार 13 जुलाई को दूसरा अंतरराष्ट्रीय चूरमा दिवस मनाया जाएगा। इंग्लैंड में भारतीय मूल के काउंसलर रोहित अहलावत ने पिछले साल अंतरराष्ट्रीय चूरमा दिवस मनाने की शुरुआत की। तब बेबिनार के माध्यम से यूरोपियन देशों सहित एशिया महाद्वीप के 50 देशों के भारतीय मूल के अप्रवासी नागरिकों ने अपने घरों में चूरमा बनाकर अपनी सहभागिता दर्ज करवाई थी। बहादुरगढ़ के सेक्टर-6 निवासी इंग्लैंड के काउंसलर रोहित अहलावत ने बताया कि रविवार को दूसरे अंतरराष्ट्रीय चूरमा दिवस पर भारतीय मूल के हजारों लोग देश-विदेश में खाओ चूरमा, बनो सूरमा का संदेश देंगे।

### अंतरराष्ट्रीय स्तर पर संस्कृति को बढ़ावा देंगे : रोहित



भारतीय समयानुसार शाम 8 बजे होने वाले कार्यक्रम में हिस्सा लेकर भारतीय मूल के अप्रवासी भारतीय भारतीय पकवान चूरमा बनाकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी संस्कृति को बढ़ावा देंगे। उन्होंने बताया कि पिछले साल शुरू किया गया यह आयोजन हरियाणा व राजस्थान प्रांत के पारंपरिक पकवान की विशेष पहचान स्थापित करने में अपना अहम योगदान देगा। अप्रवासी भारतीयों समेत बहादुरगढ़ निवासियों ने भी इंग्लैंड के काउंसलर रोहित अहलावत द्वारा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर चूरमा दिवस की शुरुआत करने पर बधाई दी। सुमित्रा तेवतिया, सुरेश कुमार और भूप सिंह आदि ने कहा कि रोहित ने ऐसा अनोखा कार्यक्रम आयोजित कर विदेशों में अपने साथ हरियाणा की विशेष धाक जमाई है। रोहित ने बताया कि चूरमा हमारी पुरानी मिठाई है और वर्तमान में पश्चिमी संस्कृति के दिखावे में युवा पीढ़ी को अपनी पुरानी खुराक व खान-पान भूलकर पीजा, बर्गर, चाऊमीन आदि विदेशी जंक फूड को बढ़ावा दिया है। यह युवाओं के स्वास्थ्य के साथ भी खिलवाड़ साबित हो रही है।

### ऑटो मार्केट में गड्ढे भरवाने की मांग



बहादुरगढ़। एसडीओ से चर्चा करते एसोसिएशन के पदाधिकारी

**बहादुरगढ़।** शहर की ऑटो मार्केट की पार्किंग व सड़क जगह-जगह से टूट गई है। कई जगह गड्ढे हो गए हैं। इसे लेकर ऑटो मार्केट एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण के अधिकारियों से मुलाकात की। राजेंद्र अरोड़ा व गजेंद्र सांगवान ने एसडीओ कृष्ण मलिक से मार्केट में बने गड्ढों की सुध लेने की मांग की। एसडीओ ने एक दो दिन में ही काम शुरू करवाने का आश्वासन दिया है। इसके साथ ही मार्केट में सार्वजनिक शौचालय बनाने का प्रस्ताव भी मंजूरी के लिए वरिष्ठ अधिकारियों को भेजा गया है।

## महावीर पार्क में निकासी व सीवरेज व्यवस्था ठप, लोग बेहाल

हरिभूमि न्यूज ⏭ बहादुरगढ़

लाइनपार के वार्ड-1 में सीवरेज व्यवस्था का बुरा हाल है। यहां लाइन बंद होने के कारण गंदगी सड़क पर फैल रही है। सीवरेज व्यवस्था ठप होने व कीचड़ फैलने से लोगों को परेशानी हो रही है। कई बार शिकायतें दिए जाने के बावजूद समस्या का समाधान नहीं हो रहा। इस कारण लोगों में नाराजगी बनी हुई है। वार्ड-1 के पार्षद रजनीश मोनू ने कहा कि पिछले काफी दिनों से यह समस्या गहराई हुई है। विकास नगर के फेस वन व टू में गली नंबर 14 से लेकर 20 तक लाइन बंद है। वह लगातार जनस्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग में जाकर शिकायतें दे रहे हैं लेकिन सुनवाई नहीं हो रही। वहां जवाब मिलता है कि मशीनें खराब हैं।



**बहादुरगढ़।** सड़क पर फैला कीचड़ दिखाते पार्षद व अन्य।

### सीवर खोलने के लिए पैसे मांगने का आरोप

वहीं, हैरानी भरी बात ये कि गली नंबर-16 में सीवर खोले जा रहे हैं लेकिन इसके बदले में लोगों से पैसे लेने की बात सामने आई है।इनमें ठेकेदार के भी कुछ कर्मचारी शामिल हैं। कायदे से सरकारी स्तर पर पूरी लाइन खोलनी चाहिए ताकि लोगों को राहत मिल सके। लेकिन ऐसा नहीं किया जा रहा। इस समस्या के कारण विकास नगर, बहराणिया बस्ती सहित आसपास के लगभग एक हजार मकान प्रभावित हैं। समस्या का शीघ्र समाधान होना चाहिए।

# मंडी में खत्म हुई फुटकर विक्रेताओं की हड़ताल

■210 पंजीकृत विक्रेताओं ने बुधवार को हड़ताल शुरू की थी, मंडी में फिर से लौटी रौनक

हरिभूमि न्यूज. बहादुरगढ़

सब्जी मंडी में पिछले तीन दिनों से चल रही हड़ताल शुक्रवार को समाप्त हो गई। यह हड़ताल पंजीकृत विक्रेताओं द्वारा किसान शेड के नीचे हो रही सब्जियों की अवैध बिक्री के विरोध में की गई थी। शनिवार से सभी पंजीकृत विक्रेता सामान्य रूप से अपना काम शुरू कर देंगे, जिससे मंडी में फिर से रौनक लौटेगी।

### ये आरोप लगाया था

दरअसल, 210 पंजीकृत विक्रेताओं ने बुधवार को हड़ताल शुरू की थी। उनका आरोप था कि कुछ आढ़ती किसान शेड में फुटकर दुकानें लगवा रहे हैं। इस वजह से हमारी दुकानों तक ग्राहक नहीं आ पाते, हमारा काम चौपट हो रहा है। इसके अलावा उनके द्वारा मंडी में निकासी व्यवस्था दुरुस्त करने सहित अन्य मांग उठाई जार ही थी।

शुक्रवार को तीसरे दिन भी धरना जा रहा। इनेलो, कांग्रेस तथा भाजपा के नेता, कार्यकर्ता विक्रेताओं के बीच पहुंचे। मामले में भाजपा नेता संजीव सैनी ने मध्यस्थता करते हुए दोनों पक्षों और अधिकारियों के साथ बातचीत की। इसके बाद सहमति बनी। निर्णय लिया गया कि किसान शेड में आढ़ती 10 किलो से कम सब्जियां नहीं बेचेंगे।



**बहादुरगढ़।** हड़ताल खोलने का एलान करते संजीव सैनी, आढ़ती व विक्रेता।

**ऐसे बनी बात**

### आपसी सहमति से हड़ताल की खत्म

यदि कोई अवैध दुकानदार पाया जाता है तो उस पर जुर्माना लगाया जाएगा। इस आपसी सहमति के बाद हड़ताल खत्म करने की घोषणा की गई। इस निर्णय से जहां एक ओर पंजीकृत विक्रेताओं को राहत मिली है, वहीं दूसरी ओर मंडी में व्यवस्था बनाए रखने में भी मदद मिलेगी। फुटकर विक्रेता एसोसिएशन के प्रधान बलवान लोहचब व प्रदीप दलाल ने कहा कि सहमति के बाद हड़ताल खोल दी है। शनिवार को सभी पंजीकृत विक्रेता काम शुरू करेंगे। उम्मीद है, दोबारा मंडी में अवैध दुकानें नहीं लगेंगी।

## दूबलधन में टूटे बिजली के तार से गाय को करंट लगा

**झज्जर।** क्षेत्र के गांव दूबलधन में टूटे हुए बिजली के तार के कारण करंट की चपेट में आने से एक गाय की मौत हो गई। पशुपालक फूलकुमार ने बताया कि उसकी करीब पांच वर्षीय गाय साहिवाल नस्ल की थी। वह शुक्रवार की सुबह गांव के छापड़ नाम जोहड़ पर अपने पशुओं को पानी पिलाने के लिए गया था। इस दौरान उसकी भैंस पानी पीने के बाद जोहड़ के अंदर चली गई जबकि गाय इधर-उधर घूम रही थी।

इसी दौरान पास लगे बिजली के खंभे से टूटे तार के कारण वह करंट की चपेट में आ गई। फूलकुमार के अनुसार उसने इस संबंध में बिजली निगम के कर्मचारियों को सूचना दी लेकिन कोई कर्मचारी मौके पर नहीं पहुंचा। इसके बाद उसने डायल 112 के माध्यम से पुलिस को सूचित किया। सूचना पाकर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर पशुपालक व अन्य ग्रामीणों से घटना की जानकारी ली। इस संबंध में पुलिस द्वारा नियमानुसार आगामी कार्रवाई अमल में लाई जा रही है।



**झज्जर।** करंट की चपेट में आई गाय की मौत के बाद घटनास्थल पर एकत्रित ग्रामीण।

# फ्री ट्रेनिंग चाहिए तो स्किल इंडिया मिशन से जुड़े



नॉलेज

यंगभूमि डेस्क

जो भी उम्मीदवार स्किल इंडिया मिशन 2024 के तहत फ्री स्किल ट्रेनिंग लेना चाहते है और मनपसंद नौकरी लेना चाहते है तो आज हम आपके लिए इस संबंध में पूरी जानकारी लाए हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग पाकर आप भी अपना कैरियर बना सकते हैं। कुछ लोगों को काम करने की इच्छा तो होती है पर उन्हें इस बारे में ज्ञान नहीं होता. आर्थिक स्थिति या अन्य किसी कारण वें अपने लिए मनचाहा रोजगार नहीं खोज पाते। ऐसे में भारत सरकार द्वारा एक बड़ा अवसर प्रदान किया जा रहा है। जिसका लाभ उठा कर आप अपने लिए नौकरी ढूंढ सकते है।

## पाएं प्रशिक्षण

अगर आप बेरोजगार हैं और अपने लिए रोजगार खोज रहे हैं तो आपको भी इसके बारे में पूरी जानकारी होनी चाहिए। स्किल इंडिया मिशन के तहत आप ट्रेनिंग प्राप्त करके अपने लिए रोजगार के ऑप्शन उत्पन्न कर सकते हैं। इस मिशन के तहत ट्रेनिंग लेने के बाद आपको एक सर्टिफिकेट भी दिया जाएगा जिसके जरिए आपको आसानी से नौकरी मिल जाएगी। आज के वक्त में नौकरी बहुत जरूरी है ऐसे में आप इस मिशन के तहत प्रशिक्षण पाकर अपने लिए नौकरी ले सकते हैं। सरकार का लक्ष्य भी इस योजना के जरूये युवाओं के भविष्य को उज्ज्वल और समृद्ध बनाना है।

## यह बेरोजगारी हटाने का कदम

इस योजना की शुरुआत भारत सरकार द्वारा बेरोजगारी युवाओं के लिए की गई है। इस स्कीम के अंतर्गत युवाओं को फ्री में ट्रेनिंग दी जाएगी यानी कि उन्हें कोई भी शुल्क नहीं देना होगा। यानि की पूरी ट्रेनिंग फ्री में होगी। इसके लिए आपको एक भी रूपया नहीं देना है। बेरोजगारी मिटाने की दिशा में यह एक बड़ा कदम साबित होगा। इस योजना का लाभ उठाने के लिए कुछ शर्तें निर्धारित की गई है जिनके अनुसार अगर आप योग्यता रखते हैं तो फ्री में ट्रेनिंग ले सकते हैं। आपको बता दे कि इस योजना के तहत ट्रेनिंग पाने के लिए आप 10वीं या 12वीं पास होने चाहिए और भारत के स्थाई निवासी होने चाहिए।

## ये करना होगा काम



इस योजना का लाभ उठाने के लिए आपको ऑनलाइन रजिस्ट्रेशन करना होता है। हम हमारे इस आर्टिकल में आपको पूरी जानकारी देंगे कि कौन इस योजना के लिए योग्य है, और आप किस प्रकार आवेदन कर सकते हैं, आवेदन के लिए किन-किन कागजातों की जरूरत होगी इत्यादि। सरकार का लक्ष्य है कि सभी युवाओं का कौशल विकास हो सके ऐसे में सभी युवा और विद्यार्थी इस योजना के तहत ट्रेनिंग पा सकते हैं।

## कई तरह के पाठ्यक्रमों की दी जाती ट्रेनिंग

### नौकरी के अवसर

इस मिशन के तहत उम्मीदवारों को अलग-अलग कोर्सेज के बारे में ट्रेनिंग दी जाएगी। ताकि वह किसी भी क्षेत्र में अपने लिए रोजगार के अवसर उत्पन्न कर सके। आपको बता दे कि भारत सरकार के इस योजना के तहत उम्मीदवारों को इलेक्ट्रॉनिक्स , फर्नीचर , हार्डवेयर , फ़ूड प्रोसेसिंग, कंस्ट्रक्शन , फिटिंग , हडीक्राफ्ट , गेम्स और ज्वेलरी , लेदर टेक्नोलॉजी और 40 अन्य टकेनिकल कोर्सेज की ट्रेनिंग दी जाएगी. इन कोर्सेज की ट्रेनिंग लेने के बाद उनके लिए नौकरी खोजना आसान हो जाएगा।

### पंजीकरण की प्रोसेस

इस योजना में अप्लाई करने के लिए आपको रजिस्ट्रेशन फॉर्म भरना होगा जिसकी पूरी जानकारी यहां दी गई है। यहां आप फॉर्म भरने की सरल प्रकिया को समझ सकते है और आवेदन कर सकते है। इस मिशन के तहत आवेदन करने के बाद फ्री में प्रशिक्षण ले पाएंगे।

### जरूरी कागजात

- आधार कार्ड
- वोटर कार्ड,
- पैन कार्ड
- बैंक खाता पासबुक
- मोबाइल नंबर
- पासपोर्ट साइज फोटो

### ट्रेनिंग के लिए योग्यता

- आवेदक भारत का स्थाई निवासी होना चाहिए।
- उम्मीदवार बेरोजगार होना चाहिए। यानी वह कोई भी काम ना करता हो।
- आवेदक को हिंदी और अंग्रेजी भाषा का ज्ञान होना चाहिए।

### ये रहेगी आवेदन प्रकिया

- अधिकारीक वेबसाइट पर जाएं। यहां आने के बाद इसके होम पेज पर आपको साइड बार › क्विक लिंक का विकल्प दिखाई देगा।
- रजिस्ट्रेशन के विकल्प को सेलेक्ट करना होगा।
- इसके बाद आवेदन फार्म में आपको मांगे जाने वाली सारी जानकारी को सावधानीपूर्वक भरनी होगी।
- इसके बाद आपको सभी जरूरी दस्तावेजों को इसके साथ अटैच करना होगा।
- लास्ट में सबमिट के बटन को क्लिक करना होगा।

## अब समाज में तेजी से बढ़ रही सामाजिक समस्याएं

# सोशल सेक्टर में बनाएं करियर जॉब के साथ मिलेगी अच्छी सैलरी

जॉब ट्रेंड्स

## इस क्षेत्र में समाज सेवा के साथ अच्छी कमाई

करियर डेस्क

देश में जिस तरह से जनसंख्या बढ़ रही है, उसी तरह सामाजिक समस्याएं भी बढ़ रही हैं और उन्हें दूर करने के प्रयास भी किए जा रहे हैं। इस वजह से सोशल वर्क का दायरा भी लगातार बढ़ रहा है और साथ में ट्रेंड लोगों की डिमांड भी। जिसके कारण अब युवाओं को इस क्षेत्र में भी अच्दा करियर बनाने का मौका मिल रहा है। जो भी समाज सेवा के साथ अच्छा पैसा कमाना चाहता है, उनके लिए इस सेक्टर में करियर बनाना सबसे फायदेमंद हैं।



### कैसे करें एंट्री

इस सेक्टर में काम करने के लिए किसी खास डिग्री की जरूरत नहीं होती है, लेकिन सामाजिक, पारिवारिक और आर्थिक परिस्थितियों को बेहतर ढंग से समझने के लिए होम साइंस, साइकोलॉजी, सोशियोलॉजी या सोशल साइंस में ग्रेजुएशन के बाद सोशल वेलफेयर, सोशल साइंस में मास्टर्स करना अच्छा रहेगा। भारत में कई इंस्टीट्यूट्स, यूनिवर्सिटीज में इससे संबंधित कोर्स संचालित किए जाते हैं। जहां एंट्रेंस टेस्ट और इंटरव्यू के आधार पर दाखिला मिलता है।



इसके अलावाए एनजीओ मैनेजमेंट का कोर्स भी कर सकते हैं। देश में कई इंस्टीट्यूट्स और यूनिवर्सिटी में एनजीओ मैनेजमेंट से जुड़े कोर्स शुरू हो चुके हैं। टाटा इंस्टीट्यूट ऑफ सोशल साइंसेज मुंबई, दिल्ली यूनिवर्सिटी, राजस्थान यूनिवर्सिटी, जामिया मिल्लिया विश्वविद्यालय, सोशल वर्क में डिप्लोमा और डिग्री के कई कोर्स संचालित कर रहे हैं, जहां से आप कोर्स कर सकते हैं।

### वर्क प्रोफाइल क्या

सोशल वर्क की फील्ड में भी अब स्पेशलाइज्ड लोगों की डिमांड बढ़ने लगी है। जो चिकित्सीय और मनोवैज्ञानिक सोशल वर्क के साथ अपराधियों को सुधारने पर आधारित समाज कार्य भी करते हैं, इसके अलावा शहरी और ग्रामीण समुदाय विकास से जुड़े मानव कल्याण के कार्य, पुनर्वास, मानव अधिकार और सामाजिक कर्त्तव्य, प्राकृतिक आपदा में बचाव संबंधित कार्य नशे की लत से मुक्ति दिलाने पर आधारित कार्य और अशिक्षा दूर करने से जुड़े कार्य करना पड़ता है।

### अच्छा करियर ग्रोथ

आज जिस तरह से डिसेबिलिटी, ड्रग्स, डिप्रेशन और बुजुर्गों की समस्याएं बढ़ रही हैं, उसे देखते हुए समाजसेवा में युवाओं की काफी दरकार है। सोशल सेक्टर में काम करने वाले प्रोफेशनल्स को लोगों की आर्थिक, सामाजिक और मानसिक समस्याओं को जानना-समझना और फिर उसका हल निकालना होता है। इसे काउंसलिंग, कॉन्फ्रेंस, सेमिनार अवेयरनेस प्रोग्राम्स के जरिए पूरा किया जाता है। इस क्षेत्र में सरकारी और गैर सरकारी, दोनों ही तरह के कार्य होते हैं, जिनमें आप एनजीओ मैनेजर, कम्युनिटी सर्विस प्रोवाइडर, एनजीओ प्रोजेक्ट कॉओर्डिनेटर, एनजीओ ह्यूमन रिसोर्स और फाइनेंस मैनेजर के तौर पर कार्य कर अच्छा पैसा कमा सकते हैं।

### यहां करना पड़ता है काम

सोशल वर्कर के तौर पर आपको ऑफिस वर्क जैसा काम नहीं करना होता और ये सामान्य तौर पर ऑफिस में बैठकर काम करते भी नहीं। इन्हें अलग-अलग ग्रुप और कम्यूनिटी के साथ जुड़ना होता है। इसके तहत ये हॉस्पिटल, क्लीनिक, एनजीओ, डिजास्टर मैनेजमेंट डिपार्टमेंट, ओल्डएज होम, हेल्थकेयर फैसिलिटीज, एजुकेशन सेक्टर वगैरह के साथ जुड़कर काम करते हैं।

### जरूरी स्किल्स

इस सेक्टर में कार्य करने के लिए कई स्कील की जरूरत पड़ती है, जिसमें सबसे ज्यादा जरूरी कम्युनिटी या लोगों के साथ मिलकर काम करने का अनुभव है। इसके अलावा कम्युनिकेशन स्किल भी काफी अच्छी होनी चाहिए। साथ ही, स्थानीय भाषा के साथ-साथ इंटरनेशनल लैंग्वेज की भी जानकारी जरूरी है, क्योंकि कई बार इस फील्ड से जुड़े पेशेवर को इंटरनेशनल ऑर्गेनाइजेशन के साथ मिलकर कार्य करना पड़ता है। प्रॉब्लम सॉल्विंग एबिलिटी का होना भी जरूरी है। साथ ही, सामाजिक न्याय, समाज के उपेक्षित वर्ग को मेन स्ट्रीम में शामिल करने, वंचित लोगों के जीवन स्तर में सुधार लाने के प्रयास करने को लेकर प्रतिबद्ध होना जरूरी है। इसके अलावा, सोशल वर्क की फील्ड में काम करने के लिए आपके पास लोगों के साइकोलॉजिकल, इमोशनल पक्षों की समझ भी होनी चाहिए। आपमें धैर्य और संवेदनशीलता होना बेहद जरूरी है। सकारात्मक बदलाव और सही फैसले लेने की क्षमता भी होनी चाहिए।

### अवसर की भरमार

इस फील्ड में जॉब की काफी संभावनाएं हैं। विकास के नए तौर-तरीकों के चलते हमारे मूल्यों में जिस तरह से गिरावट आ रही है, ऐसे में सोशल सेक्टर की भूमिका काफी बढ़ गई है। जाहिर है नौजवानों के लिए इस क्षेत्र में संभावनाएं बढ़ेंगी। यह ऐसा क्षेत्र है, जहां विदेशों में भी काम के काफी अवसर हैं। नाटो, विश्व स्वास्थ्य संगठन, एमनेस्टी इंटरनेशनल, रेडक्रॉस, ग्रीनपीस, यूनिसेफ, यूनाइटेड नेशन, यूनेस्को, ओसीडीए विश्वबैंक, कॉमनवेल्थ ह्यूमन राइट, एनवॉयर्नमेंट प्रोटेक्शनए यूनाइटेड नेशन एजुकेशनल साइंटिफिक एंड कल्चरल ऑर्गनाइजेशन जैसी नामी संस्थाओं के अलावा कई अन्य संस्थाएं जॉब का मौका देती हैं।



## कैसे बनाएं सोशल मीडिया में करियर, क्या होंगे नौकरी के ऑप्शन और वर्क प्रोफाइल

इन दिनों ऑफबीट करियर ऑप्शंस की डिमांड काफी बढ़ गई है। अब लोग मीडिया में करियर बनाने के साथ ही सोशल मीडिया में भी दिलचस्पी ले रहे हैं। सोशल मीडिया की दुनिया में रोजगार की बेहतर संभावनाएं मौजूद हैं। ज्यादातर स्मॉल स्केल बिजनेस सोशल मीडिया के जरिए लाखों रुपये कमा रहे हैं। अपने सोशल मीडिया अकाउंट हैंडल करने और सोशल मीडिया मार्केटिंग के लिए वह एक्सपर्ट रखते हैं। कई सेलेब्रिटी और सोशल मीडिया इंफ्लुएंसर भी ब्रांड मार्केटिंग, ऐड्स और अकाउंट हैंडल करने के लिए सोशल मीडिया की टीम रखते हैं।

### ट्रेंड्स की जानकारी होना जरूरी

जो लोग घंटों कंप्यूटर या मोबाइल पर काम कर सकते हैं, ग्राफिक्स डिजाइन, ब्लॉग राइटिंग (किसी भी भाषा में) आदि में दिलचस्पी लेते हैं व ऑफबीट क्षेत्र में करियर बनाना चाहते हैं, उनके लिए सोशल मीडिया बेस्ट है। इसके लिए क्रिएटिव होना और सोशल मीडिया ट्रेंड्स की जानकारी होना सबसे जरूरी है।

### सोशन मीडिया मैनेजर

सोशल मीडिया मैनेजर कंपनी, ब्रांड या किसी प्रमुख संस्थान के सभी सोशल अकाउंट को प्रोफेशनली मैनेज करता है। यह सोशल मीडिया पर कंपनी को आगे ले जाने के नए तरीके अपनाते हैं, जिनसे कंपनी की अच्छी छवि को पॉजिटिव बनाकर रखा जा सके। पीआर, एडवरटाइजमेंट, मार्केटिंग और सोशल नेटवर्किंग के जरिए ऑर्गनाइजेशन की जो सूचनाएं बाहर जाएं, उनमें समानता बनाए रखना इनका काम है।

### सोशल मीडिया एनालिस्ट/स्ट्रैटेजिस्ट

सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट डेटा का विश्लेषण कर कंपनी पॉलिसी बनाते हैं। यह कंपनी को उसकी जरूरत के हिसाब से सोशल मीडिया चैनल का चुनाव करने में मदद करते हैं और ब्रांड्स से संबंधित ग्राहकों को टारगेट करते हैं। सोशल मीडिया स्ट्रैटेजिस्ट मार्केटिंग कैंपेन को ज्यादा असरदार बनाने की कोशिश करते हैं। यह वेबसाइट ट्रैफिक को भी मॉनीटर करते हैं।

### कंटेंट मैनेजर/क्रिएटर

सोशल मीडिया में कंटेंट का मतलब सिर्फ लिखित कंटेंट नहीं होता है। इसमें ग्राफिक्स, वीडियो, ऑडियो भी शामिल होते हैं। यह एक बहुत बड़ा क्षेत्र है। जहां सोशल मीडिया मैनेजर सोशल मीडिया सॉफ्टवेयर/प्लेटफॉर्म्स के तकनीकी पहलुओं पर ध्यान देते हैं, वहीं कंटेंट क्रिएटर कंटेंट की भाषा, क्वालिटी और अन्य टेक्नीकल बातें देखते हैं। इनके जॉब प्रोफाइल में कॉपीराइटिंग, स्क्रिप्ट राइटिंग, एडिटिंग शामिल हैं।

# सफलता की राह नहीं होती आसान, मेहनत लगन और धैर्य से ही मिलती है कामयाबी



मोटिवेशनल

डॉ. दिव्या तंवर

सफलता एक ऐसा लक्ष्य है, जिसे हर छात्र अपने जीवन में हासिल करना चाहता है। लेकिन क्या आपने कभी सोचा है कि सफलता का रास्ता इतना मुश्किल क्यों होता है? क्यों इसमें कोई आसान शॉर्टकट नहीं होता? जवाब सरल है सफलता वही है जो मेहनत, लगन और धैर्य से प्राप्त होती है। यह एक ऐसी यात्रा है, जिसमें चुनौतियां आपका इम्तिहान लेती हैं, और आपकी दृढ़ता ही आपको मंजिल तक पहुंचाती है। आपकी मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। सफलता आपका इंतजार कर रही है। जीवन की यात्रा में मेहनत ही वह दीपक है, जो अंधेरे रास्तों को रोशन करता है। महाभारत में भगवान श्रीकृष्ण अर्जुन से कहते हैं, "कर्मण्येवाधिकारस्ते मा फलेषु कदाचन" अर्थात्, तुम्हारा अधिकार केवल कर्म करने में है, फल की चिंता मत कर। यह सूत्र हमें सिखाता है कि सच्ची मेहनत कभी व्यर्थ नहीं जाती, चाहे परिणाम तुरंत दिखे या नहीं।

## अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो

जैसे पांडवों ने कौरवों के अत्याचारों के बीच भी धैर्य और कर्तव्य का पालन किया, वैसे ही तुम भी अपने लक्ष्य की ओर बढ़ते रहो। महाभारत का एक और अमर वचन है, "यतो धर्मस्ततो जयः" जहां धर्म है, वहां विजय है। अपनी मेहनत को सत्य और निष्ठा से सींचो, तो सफलता निश्चित रूप से तुम्हारा इंतजार कर रही है। जैसे अर्जुन ने युद्ध के मैदान में संदेह छोड़कर श्रीकृष्ण के मार्गदर्शन पर भरोसा किया, वैसे ही तुम भी अपने भीतर के संदेह को त्याग दो। हर बूंद पसीने से तुम अपने सपनों का महल बनाते हो। विश्वास रखो, तुम्हारी मेहनत का हर कण अनमोल है, और वह दिन दूर नहीं जब तुम्हारी सफलता तुम्हें गले लगाएगी।

**शॉर्टकट की भ्रांति** : आज के समय में, जहां सब कुछ तेजी से चाहिए तेज इंटरनेट, तुरंत जवाब, और फटाफट नतीजे हम अक्सर सोचते हैं कि सफलता भी शायद किसी शॉर्टकट से मिल जाए। लेकिन सच्चाई यह है कि शॉर्टकट आपको केवल तात्कालिक लाभ दे सकते हैं, स्थायी सफलता नहीं। उदाहरण के लिए, अगर आप परीक्षा में नकल करके पास हो भी गए, तो क्या वह ज्ञान आपको भविष्य में काम आएगा? नहीं, क्योंकि असली सफलता का आधार है आपका ज्ञान, आपकी मेहनत और आपका आत्मविश्वास।

**मेहनतः सफलता की नींव** : छात्र जीवन वह समय है जब आप अपने भविष्य की नींव रखते हैं। हर बार जब आप देर रात तक पढ़ते हैं, किसी कठिन विषय को समझने की कोशिश करते हैं, या असफलता के बाद फिर से प्रयास करते हैं, आप अपने आप को और मजबूत बनाते हैं। महान वैज्ञानिक थॉमस एडिसन ने कहा था, "मैं असफल नहीं हुआ, मैंने तो बस 10,000 ऐसे तरीके खोजे जो काम नहीं करते।" उनकी यह बात हमें सिखाती है कि असफलता भी सफलता का हिस्सा है। हर बार जब आप गिरते हैं, आप एक नया सबक सीखते हैं, जो आपको मंजिल के और करीब ले जाता है।

**लक्ष्य और अनुशासन** : सफलता का पहला कदम है अपने लक्ष्य को स्पष्ट करना। आप क्या बनना चाहते हैं? डॉक्टर, इंजीनियर, शिक्षक, या कुछ और? अपने सपने को एक कागज पर लिखें और उसे हर दिन देखें। लेकिन केवल सपने देखना काफी नहीं है। अनुशासन वह चाबी है जो आपके सपनों को हकीकत में बदलती है। रोजाना पढ़ाई का समय निश्चित करें, छोटे-छोटे लक्ष्य बनाएं, और उन्हें पूरा करने के लिए मेहनत करें। याद रखें, एक दिन में पहाड़ नहीं चढ़ा जा सकता, लेकिन हर दिन एक कदम बढ़ाने से आप जरूर शिखर तक पहुंचेंगे।

## चुनौतियों का सामना करें

छात्र जीवन में कई चुनौतियां आती हैं पढ़ाई का दबाव, दोस्तों का प्रभाव, या कभी-कभी आत्मविश्वास की कमी। लेकिन ये चुनौतियां आपके रास्ते में रुकावट नहीं, बल्कि सीखने का अवसर हैं। जब आप किसी कठिन सवाल को हल करते हैं, तो न केवल आपका ज्ञान बढ़ता है, बल्कि आपका आत्मविश्वास भी मजबूत होता है। इसलिए, समस्याओं से भागें नहीं, उनका सामना करें। हर चुनौती आपको और बेहतर बनाती है।

**सकारात्मक सोच और धैर्य** : सफलता का रास्ता धैर्य मांगता है। कई बार ऐसा होता है कि मेहनत करने के बावजूद तुरंत नतीजे नहीं मिलते। ऐसे में निराश होना स्वाभाविक है, लेकिन यही वह समय है जब आपको अपनी सकारात्मक सोच को बनाए रखना है। अपने आप से कहें, "मैं कर सकता हूँ।" अपने आसपास ऐसे लोगों को रखें जो आपको प्रेरित करें। किताबें पढ़ें, प्रेरणादायक कहानियां सुनें, और अपने लक्ष्य पर ध्यान केंद्रित करें।

**आपके पास है ताकत** : प्रिय छात्रों, आपके पास वह ताकत है जो आपको दुनिया की किसी भी ऊंचाई तक ले जा सकती है। जरूरत है तो बस उस ताकत को पहचानने की। हर बार जब आप थक जाते हैं, एक गहरी सांस लें, अपने सपनों को याद करें, और फिर से उठकर चल पड़ें। सफलता का रास्ता लंबा हो सकता है, लेकिन हर कदम आपको आपके सपनों के करीब ले जाता है। असली सफलता वही है जो मेहनत, लगन, और धैर्य से मिलती है।

## सामान्य ज्ञान

**1.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) स्थायि
(बी) स्थायी
(सी) स्थाई
(डी) स्थाइ

**2.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जलदी
(बी) जल्दी
(सी) ज्लदी
(डी) जल्डी

**3.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्राक्कथन
(बी) प्रक्कथन
(सी) प्राकथन
(डी) प्रकाथन

**4.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) क्षेत्र
(बी) छेत्र
(सी) क्षत्र
(डी) स्वेत्र

**5.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) रसायनिक
(बी) रासायनिक
(सी) रासीनीक
(डी) रसयनिक

**6.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) प्रतिवादी
(बी) प्रतीवादी
(सी) प्रतीवाडी
(डी) प्रतिवादि

**7.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) उतसव
(बी) उत्सव
(सी) उस्तव
(डी) ऊत्स्व

**8.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) जेष्ठ
(बी) ज्येस्ट
(सी) जेठ
(डी) ज्येष्ठ

**9.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अन्तध्यान
(बी) अन्तर्धान
(सी) अन्तरध्यान
(डी) अन्त : ध्यान

**10.** शुद्ध वर्तनी का चयन कीजिए
(ए) अधम्र
(बी) अध्रम
(सी) अधर्म
(डी) अध्रिम

उत्तर 1.(बी) 2.(बी) 3.(ए) 4.(ए) 5.(बी) 6.(ए) 7.(बी) 8.(डी)9. (बी) 10.(सी)

## खबर संक्षेप

### वेतन के लिए एसई से लगाई गुहार

**बहादुरगढ़।** लोक निर्माण विभाग के विश्राम गृह में कार्यरत चार संविदा कर्मचारियों को पिछले 8-10 महीनों से हमें वेतन नहीं मिला है। इस मामले में उन्होंने पीडब्ल्यूडी (बीएंडआर) के अधीक्षण अभियंता को पत्र लिखकर वेतन दिलवाने की गुहार लगाई है। चौकीदार राकेश, सफाईकर्मी दीपक, मोनू व पलंबर कपिल आदि ने शिकायत में आरोप लगाया है कि नवंबर 2024 से जून 2025 तक की समयावधि का वेतन उन्हें नहीं मिला है। जिससे उनके परिवारों को गंभीर आर्थिक संकट और कठिनाई का सामना करना पड़ रहा है। वे इस मामले को कई बार एक्सईएन व अन्य संबंधित अधिकारियों के समक्ष बार-बार उठा चुके हैं। लेकिन कोई समाधान नहीं हुआ।

### बीमा योजना के लिए किसान 31 तक करें आवेदन

**झज्जर।** डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल ने कहा कि किसानों को प्राकृतिक आपदाओं से होने वाली फसल क्षति की भरपाई के लिए प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना लागू की गई है। खरीफ फसलों के लिए 31 जुलाई 2025 तक योजना में आवेदन किया जा सकता है। उन्होंने किसानों से योजना के अंतर्गत धान, बाजरा, कपास, मक्का और मूंग जैसी प्रमुख खरीफ फसलों का बीमा करवाने का आह्वान किया।



### कॉलेज में चलाया पौधरोपण अभियान

**बहादुरगढ़।** राजकीय महाविद्यालय बहादुरगढ़ में "वन महोत्सव सप्ताह" के उपलक्ष्य में इको क्लब द्वारा वृक्षारोपण अभियान चलाया गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार द्वारा वृक्षारोपण कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में इको क्लब के सक्रिय सदस्यों के साथ सुमन हुड्डा व नीतू कटारिया का विशेष योगदान रहा। एनएसएस इकाई के जोगेंद्र व रचना ने कार्यक्रम की व्यवस्था एवं संचालन में सराहनीय भूमिका निभाई। प्राचार्य डॉ. राजेश कुमार ने कहा कि वृक्ष हमारे ग्रह के रक्षक हैं।

## शिवभक्तों ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की

# सावन के पहले दिन मंदिरों में गूंजे हर हर महादेव के जयकारे, श्रद्धालुओं ने किया जलाभिषेक

- सावन मास में शिव की पूजा का विशेष महत्व है
- सावन का महीना भगवान शिव को अति प्रिय है

हरिभूमि न्यूज ▸▸| झज्जर





**झज्जर।** बाबा कांशीगिरी मंदिर में पूजा-अर्चना करते हुए महिला श्रद्धालु, बाबा कांशीगिरी मंदिर में भजनों की प्रस्तुति देते हुए गायक कलाकार योगेश रंजन। **फोटो :हरिभूमि**

सावन माह के पहले दिन शिवालयों और मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर जलाभिषेक किया। सुबह से ही मंदिरों में हर हर महादेव के जयकारे गूंजने लगे और श्रद्धालुओं ने पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-समृद्धि की कामना की। नगर खेड़ा बाबा प्रसाद गिरी मंदिर, चौरासी घंटे वाली माता मंदिर, श्रीबूढ़ा महादेव, प्राचीन खाटू श्याम मंदिर, चौपटा बाजार शिव मंदिर, श्री राम मंदिर, श्री गोपाल मंदिर, श्री लेखराज मंदिर, श्री दुर्गा भवन मंदिर, श्री प्रेम मंदिर, दिल्ली गेट शिवालय, डाबरा मंदिर, देवालय आश्रम, शिव मंदिर बेरी गेट, शिव मंदिर रोहतक रोड, शिव मंदिर आर्य नगर, शिव मंदिर छावनी मोहल्ला सहित शहर के सभी मंदिरों में श्रद्धालुओं ने शिवलिंग पर दूध, जल, बेलपत्र, फूल फल आदि चढ़ाकर भगवान शिव के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। पंडित पवन कौशिक ने कहा कि सावन मास में शिव की पूजा का विशेष महत्व है। सावन का महीना भगवान शिव को अति प्रिय है। सावन के महीने में भगवान शिव की पूजा-अर्चना करने से शुभ फल की प्राप्ति होती है। धार्मिक मान्यताओं के अनुसार, सावन मास में भगवान शिव को जल मात्र चढ़ाने से वह अति प्रसन्न हो जाते हैं और सुख-समृद्धि का आशीर्वाद देते हैं। वहीं युवा कावड़ लाने और कावड़ शिविर की तैयारियों में जुटे हुए हैं।

### मेरा कोई ना सहारा बिन तेरे नंद लाल सांवरिया मेरे..

**झज्जर।** बाबा कांशीगिरी मंदिर में गुरु पूर्णिमा पर्व पर रात्रि भजन संध्या का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में महिला सेवा समिति की संतोष हंस, नगर पार्षद सुषमा गोसाई, संगीता वर्मा, पूनम छाबड़ा, आशा ग्रोवर, आशा नागपाल, शशी हंस, उषा काठपालिया, किरण अरोड़ा, हर्ष चावला, नीलम गाबा, आशु, भावना काठपालिया, शशी खत्री, सृष्टि, यशिका रंजन, कमल लता शर्मा, इंदु भूगड़ा सहित मंडली की सदस्यों ने अमृतवाणी से कार्यक्रम का शुभारंभ किया। संगीता वर्मा, आशा ग्रोवर, इंदु भूगड़ा ने इतनी कृपा बाबा जी बनाए रखना मरते दम तक सेवा में लगाए रखना..सतगुरु मैं तेरी पतंग.., दिनेश दुजाना ने हे गुरूदेव प्रणाम तुम्हारें चरणों में.. योगेश रंजन ने मेरा कोई सहारा बिन तेरे नंदलाल सांवरिया मेरे..भजन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को भाव विभोर कर दिया। इस मौके पर संरक्षक श्रवण मदान, पदम् खट्टर, वेद बहल पाशु, डॉक्टर शंकर ग्रोवर, वीके शर्मा, आदर्श वर्मा, नयन हंस, सुधांशु हंस, विनोद भूटानी, प्रदीप काठपालिया, भारत भूषण नंदा, अनिल छाबड़ा, प्रिंस सेठी, गुलशन कटारिया, नरेंद्र पाहवा, अशोक काठपालिया सहित काफी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।



**बहादुरगढ़।** पात्र लोगों को चश्मे वितरित करती पीएमओ मंजू कादियान व डॉ. मालविका बंसल। **फोटो :हरिभूमि**

### बहादुरगढ़ में उज्जवल दृष्टि के तहत दिए 207 चश्में

**बहादुरगढ़।** स्वास्थ्य विभाग द्वारा प्रदेश भर में शुरू किए गए 'उज्जवल दृष्टि हरियाणा' अभियान के तहत बहादुरगढ़ के नागरिक अस्पताल में 207 पात्र लोगों को निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए। नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ मालविका बंसल ने बताया कि शुक्रवार को हिसार से प्रदेश की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव ने इस अभियान का शुभारंभ किया। ताकि प्रदेश अंधत्व मुक्त बन सके। शुक्रवार को बहादुरगढ़ नागरिक अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम में पीएमओ डॉ मंजू कादियान ने 207 लोगों को मुफ्त चश्मे वितरित किए। डॉ. मालविका बंसल ने कहा कि राष्ट्रीय अंधत्व एवं दृष्टि दोष नियंत्रण कार्यक्रम के अंतर्गत 45 वर्ष से अधिक आयु के लोगों में दृष्टिदोष की पहचान कर उन्हें निःशुल्क चश्मे वितरित किए गए हैं। यह अभियान आज से शुरू हुआ है, इसलिए ज्यादा से ज्यादा लोग नागरिक अस्पताल में अपनी आंखों को चेक कराएं ताकि बीमारी पता लगते ही इलाज शुरू किया जा सके। स्वास्थ्य विभाग द्वारा बहादुरगढ़ क्षेत्र में 207 पात्र लाभार्थियों को चयनित किया गया था, जिन्हें आज मुफ्त चश्मे प्रदान किए गए हैं। डॉ. मंजू कादियान ने कहा कि बरसात का मौसम चल रहा है। इस मौसम में जलभराव के कारण बीमारियां फैलने की आशंका बढ़ जाती हैं। किसी भी बीमारी के लक्षण प्रतीत होने पर अपने स्वास्थ्य की जांच अवश्य कराएं और डॉक्टर की सलाह के बाद ही दवाई लें। नागरिक अस्पताल में मलेरिया सहित अन्य प्रकार की लैब टेस्टिंग की सुविधा मौजूद है। एम्बुलेंस की सुविधा के लिए 112 पर डायल करें। कार्यक्रम में डीएमएस डॉ. देवेंद्र मेघा भी मौजूद रहे।

### उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा कार्यक्रम के अंतर्गत लोगों में वितरित किए चश्में

**झज्जर।** उज्ज्वल दृष्टि हरियाणा कार्यक्रम के अंतर्गत शुक्रवार को स्थानीय नागरिक अस्पताल में जरुरतमंद लोगों में नेत्रजांच उपरांत चश्मे वितरित किए गए। राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम की डीआईईसी मैनेजर अंजू ने बताया कि राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम एवं राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के अंतर्गत इस समारोह में जिला परिषद के चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की जबकि ओबीसी मोर्चा के जिला मंत्री प्रवीण कुमार जांगड़ा विशिष्ट अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। कार्यवाहक सिविल सर्जन डॉक्टर टीएस बागड़ी की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए चेयरमैन कप्तान बिरधाना ने लोगों में चश्मा वितरण किया। इस दौरान उन्होंने आमजन को नेत्रदान के लिए भी प्रेरित किया। इस मौके पर राष्ट्रीय अंधता नियंत्रण कार्यक्रम की नोडल अधिकारी उप सिविल सर्जन डॉक्टर मीनू, राष्ट्रीय बाल स्वास्थ्य कार्यक्रम के नोडल अधिकारी डॉक्टर आदित्य सहित अन्य भी उपस्थित रहे।



**झज्जर।** कार्यक्रम के दौरान जरुरतमंद लोगों में चश्मा वितरण करते हुए चेयरमैन कप्तान बिरधाना।

### शिक्षण में रचनात्मक तरीकों को शामिल करने पर जोर



**बहादुरगढ़।** स्कॉलर्स ग्लोबल स्कूल में शिक्षकों के लिए एसटीइएम कार्यशाला का आयोजन किया गया। इसमें शहर के विभिन्न विद्यालयों के शिक्षकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यशाला का उद्देश्य शिक्षकों को विज्ञान, प्रौद्योगिकी, इंजीनियरिंग और गणित को कक्षा शिक्षण में रचनात्मक तथा प्रभावी तरीकों से शामिल करने के लिए प्रेरित करना था। इसके माध्यम से नवाचार, रचनात्मकता, आलोचनात्मक सोच और समस्या समाधान जैसे कौशलों को विकसित करने पर बल दिया गया। इस अवसर पर विद्यालय की प्रिंसिपल पूनम सक्सेना की गरिमामयी उपस्थिति रही। साथ ही, सीबीएसई रिसोर्स पर्सन के रूप में शीना खट्टर, वंदना डबास और जसवीर दलाल ने कार्यशाला का मार्गदर्शन किया। शिक्षकों को अपने अनुभवों से लाभान्वित किया।

### एसपीसी के तहत छात्राओं को दिया प्रशिक्षण

**बहादुरगढ़।** छात्र पुलिस कैडेट के तहत शुक्रवार को राजकीय वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में कार्यक्रम का आयोजन हुआ। निरीक्षक सतीश कुमार ने विद्यार्थियों को परेड करवाई और उन्हें महिला विरुद्ध अपराध के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि अगर आपको किसी प्रकार की कोई परेशानी है तो आप अपने परिजनों, शिक्षकों या फिर पुलिस को बता सकते हैं। स्कूल या कहीं पर भी आते जाते समय किसी प्रकार की कोई परेशानी होती है तो डायल 112 पर सूचनादें दें ताकि हम आपकी समस्या का समाधान कर सकें। उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों में अनुशासन, जिम्मेदार नागरिक बनने और कानून के प्रति सम्मान की भावना विकसित करने के लिए छात्र पुलिस कैडेट के तहत उन्हें प्रशिक्षण दिया जा रहा है।



## न्यूज डायरी

### अधिवक्ता रामफल सैनी बने भाजपा जिला उपाध्यक्ष



**झज्जर।** वरिष्ठ अधिवक्ता रामफल सैनी को भाजपा का जिला उपाध्यक्ष व परिवेदना समिति सदस्य बनाए जाने के पर स्थानीय बार एसोसिएशन द्वारा अभिनंदन समारोह का आयोजन किया गया। झज्जर बार एसोसिएशन प्रधान दीपक गोयल की अध्यक्षता में आयोजित इस कार्यक्रम में पहुंचने पर अधिवक्ताओं द्वारा पुष्पगुच्छ देकर व फूल माला पहना कर भाजपा के नव नियुक्त जिला उपाध्यक्ष रामफल सैनी का स्वागत किया गया। इस दौरान बार एसोसिएशन प्रधान दीपक गोयल, सचिव दीपक खत्री, भाजपा मंडलाध्यक्ष संदीप चौहान, भाजपा नेता एवं अधिवक्ता भगवत दयाल मिश्रा, वरिष्ठ अधिवक्ता जयप्रकाश शर्मा व पंकज शर्मा ने अपने विचार रखते हुए रामफल सैनी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर बार एसोसिएशन के पूर्व प्रधान कृष्ण कादियान, पूर्व प्रधान अजीत सोलंकी, पूर्व प्रधान यशपाल सैनी, राकेश शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### मैंबर बने नवीन शर्मा को किया सम्मानित



**बहादुरगढ़।** अधिवक्ता नवीन शर्मा को बहादुरगढ़ मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल का प्रॉमिनेंट मैंबर नियुक्त किया गया है। भाजपा विधानसभा संयोजक दिनेश कौशिक ने अपने सेक्टर-2 स्थित कार्यालय में नवीन शर्मा का सम्मान करते हुए बधाई दी। साथ ही उनके उज्जवल कार्यकाल की कामना की। कौशिक ने उम्मीद जताई कि नवीन शर्मा इस जिम्मेवारी को बखूबी निभाएंगे। दरअसल, मेंटेनेंस ट्रिब्यूनल वरिष्ठ नागरिकों और माता-पिता को भरण-पोषण के अधिकार दिलाने के लिए गठित एक महत्वपूर्ण न्यायिक निकाय है।नवीन शर्मा की नियुक्ति से अपेक्षा बढ़ी है कि ट्रिब्यूनल में अब अधिक प्रभावी व संवेदनशील निर्णय होंगे। इस अवसर पर अधिवक्ता प्रदीप, योगेंद्र शर्मा, अधिवक्ता जितेंद्र दलाल, कृष्ण कुमार, संजय बराही, संजय राठी, अरुण पाहसौर व अधिवक्ता नकुश कौशिक आदि ने नवीन शर्मा को बधाई दी।

### एमआर स्कूल में किया विद्यार्थी परिषद का गठन



**झज्जर।** एमआर स्कूल हसनपुर में शुक्रवार को विद्यार्थी परिषद का गठन व शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। विद्यालय निदेशक सोमबीर कोडान ने प्रबंध समिति के साथ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्ज्वलन व पुष्पांजलि अर्पित कर समारोह का शुभारंभ किया। कोच कृष्ण कुमार के नेतृत्व में चारों सदनों के प्रमुखों के मार्च पास्ट निकालते हुए मुख्यातिथि को सलामी दी। निदेशक सोमबीर कोडान ने अपने संबोधन में कहा कि विद्यार्थी परिषद जैसे आयोजनों के माध्यम से विद्यार्थियों में नेतृत्व और जिम्मेदारी की भावना का विकास होता है। नए सत्र के लिए अतुल को हेड ब्वाय तथा अर्चना को हेड गर्ल नियुक्त किया गया। इसके अलावा इंशिका, अभी खरब, ऋतिका और याशिका को हाऊस कैप्टन चुना गया। खेल कप्तान के रूप में देव, सौरभ, रिषभ और नेहा को नियुक्त किया गया। नव-निर्वाचित हेड गर्ल ने पूरे विद्यार्थी परिषद को पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई। विद्यालय की प्राचार्या नेहा शर्मा ने चयनित प्रतिनिधियों को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर विद्यालय निदेशिका संगीता कोडान, उपनिदेशक सुभाषचंद्र यादव, हाऊस कोर्डिनेटर बिंदु जाखड़ व रितु दहिया सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

### पंडित भगवत दयाल शर्मा को किया नमन

**बेरी।** धर्मनगरी बेरी में शुक्रवार को महान स्वतंत्रता सेनानी एवं हरियाणा के प्रथम मुख्यमंत्री पंडित भगवत दयाल शर्मा के समाधि स्थल पर सावन माह के शुभ आगमन पर जलाभिषेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान एसडीएम रेणुका नांदल व पंडित भगवत दयाल शर्मा की पुत्रवधु आशा शर्मा सहित सहित प्रबुद्धजनों ने शिव मंदिर में जलाभिषेक किया और महान स्वतंत्रता सेनानी पंडित भगवत दयाल शर्मा की समाधि पर पुष्प अर्पित कर नमन किया। उन्होंने स्वतंत्रता सेनानी एवं प्रथम मुख्यमंत्री पंडित भगवत दयाल शर्मा को नमन किया।


### एएनएम को जरूर दें गर्भधारण की सूचना

**बहादुरगढ़।** बिगड़ते लिंगानुपात को लेकर शुक्रवार को गांव परनाला में सरपंच मुकेश राठी की अध्यक्षता में बैठक का आयोजन किया गया। इसमें बताया गया कि स्वास्थ्य विभाग ने एएनएम के पास गर्भवती को पंजीकरण करवाना अनिवार्य कर दिया है। पंजीकरण होने के बाद आईडी जनरेट होगी। उस आईडी को दिखाने के बाद ही वे अल्ट्रसाउंड करवा पाएंगी। आंगनवाड़ी वर्कर मंजू, एएनएम कमला, इंदू व रविना आदि ने बताया कि गर्भवती को पहले अपने क्षेत्र की एएनएम के पास पंजीकरण करवाना होगा। यहां से प्रजनन व बाल स्वास्थ्य यानि आरसीएच आईडी गर्भवती को दी जाएगी। स्वास्थ्य विभाग ने संचालकों को आरसीएच आईडी चेक करने के बाद ही अल्ट्रासाउंड करने के निर्देश दिए हैं। लिंगानुपात के असमान अंतर को कम करने के लिए स्वास्थ्य विभाग ने यह पहल की है। सरपंच मुकेश अशोक राठी ने बताया कि महिला को अपने गर्भवती होने का पता लगने के बाद क्षेत्र की एएनएम के पास जाकर जांच करवानी होगी। एएनएम जांच करेगी और फिर पोर्टल पर उसका रिकॉर्ड दर्ज करेगी। इसके बाद आरसीएच आईडी जारी होगी। ये आईडी दिखाने के बाद ही संचालक उसका अल्ट्रासाउंड कर पाएंगे। पंजीकरण के बाद गर्भवती का डिलिवरी होने तक रिकॉर्ड रहेगा।



**बहादुरगढ़।** कार्यक्रम में महिलाओं को जागरुक करती सरपंच मुकेश राठी व अन्य।

### सात कैडेट्स ने जीते मेडल



**बहादुरगढ़।** बादली के चौ. धीरपाल राजकीय महाविद्यालय की 12 एनसीसी कैडेट्स ने रेवाड़ी में हुए वार्षिक प्रशिक्षण शिविर में भाग लिया। यह शिविर 2 से 11 जुलाई तक चला। एनसीसी प्रभारी डॉ मंजीत सिंह ने बताया कि इस प्रशिक्षण शिविर में विभिन्न प्रतियोगिताएं हुईं। जिसमें बादली महाविद्यालय की 12 छात्राओं में से 7 ने मेडल जीते। सीनियर ड्रिल प्रतियोगिता में सारिका, सीनियर वॉलीबॉल में मीनू, कैडेट ड्रिल में निम्मी, कैडेट ड्रिल रस्साकशी में तान्या, कविता प्रतियोगिता में लक्ष्मी, रस्साकशी में प्रेरणा और रंगोली प्रतियोगिता में सुहानी ने मेडल जीते। प्राचार्य आनंद काद्याण समेत स्टाफ सदस्यों ने छात्राओं को बधाई देते हुए उनके उज्जवल भविष्य की कामना की।

### हिंदी प्रश्न मंच प्रतियोगिता में रमन सदन प्रथम

**झज्जर।** एचडी वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय साल्हावास में शुक्रवार को अंतर सदनीय हिंदी प्रश्न मंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। विद्यालय प्राचार्य सतबीर सिंह की अध्यक्षता में आयोजित इस प्रतियोगिता में एचडी ग्रुप के सचिव हेमंत गुलिया ने मुख्यातिथि के रूप में शिरकत की। उन्होंने कहा कि हिंदी हमारी राष्ट्रभाषा के साथ-साथ हमारी पहचान भी है। हमें अपनी भाषा पर गर्व है, जिसे पूरे विश्व में एक उच्चकोटि का दर्जा प्राप्त है। मंच संचालन हिंदी अध्यापिका सुनीता जाखड़ व पारुल यादव द्वारा किया गया। प्रतियोगिता में ग्यारहवीं कक्षा के छात्र कार्तिक द्वारा बनाए गए एआई से अनेक भाषाओं में प्रश्नोत्तर किए गए जिनका उसने बखूबी जवाब दिया। रोबोट की तरह काम करने वाले इस एआई ने सभी को आश्चर्यचकित कर दिया। प्रतियोगिता परिणामों में रमन सदन ने प्रथम, अटल सदन ने द्वितीय और पटेल सदन ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।



**झज्जर।** शिक्षकों के साथ प्रतियोगिता के विजेता विद्यार्थी।

**NOTICE**

I, Ishu, D/o Sanjay Kumar, resident of 564 chota panna, vpo Gubhana, tehsil Badli, Jhajjar, Haryana 124507 declare that I have changed my name from Ishu to Ishu Birhman. Henceforth, I shall be known as Ishu Birhman for all purposes.

**NOTICE**

I, Hitesh, S/o Sanjay Kumar, resident of 564 chota panna, vpo Gubhana, tehsil Badli, Jhajjar, Haryana 124507 declare that I have changed my name from Hitesh to Hitesh Birhman. Henceforth, I shall be known as Hitesh Birhman for all purposes.

**सूचना**

मैं, आशनी साह (AASHNI SAH) पुत्र श्री भिक्की शाह (BHIKKI SAH) निवासी मकान नं. 314, बैंक कालोनी, बहादुरगढ़ जिला झज्जर, हरियाणा बयान करती हूं कि मेरी दसवीं कक्षा और बारहवीं कक्षा की अंकतालिका में मेरा नाम आशनी (AASHNI) लिखा हुआ है और मैंने भिवानी बोर्ड हरियाणा से पास की है। अब मैं अपना सरनेम एड करवाना चाहती हूं। जोकि मेरा सरनमे एड करके मेरा नाम आशनी (AASHNI) के स्थान पर आशनी साह (AASHNI SAH) किया जाए।

## बच्चों की इस शानदार सफलता के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल को गोल्डन अवॉर्ड से किया सम्मानित

# डीपीएस के विद्यार्थियों ने ओलंपियाड में हासिल की रैंक

हरिभूमि न्यूज ▸▸| बहादुरगढ़




**बहादुरगढ़।** स्कूल स्टॉफ के साथ ओलंपियाड में रैंक प्राप्त विद्यार्थी। **फोटो :हरिभूमि**

इंटरनेशनल मैथ्स ओलंपियाड में डीपीएस के ग्रेड-3 के छात्र युवान ने राज्य रैंक 3 और अंतरराष्ट्रीय रैंक 3 प्राप्त कर उत्कृष्टता का परिचय दिया। वहीं ग्रेड 1 के छात्र आदित्य ने भी अंतरराष्ट्रीय रैंक 23 अर्जित कर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। इंटरनेशनल साइंस ओलंपियाड में ग्रेड 5 के छात्र रेयांश ने राज्य स्तर पर रैंक 15 प्राप्त की।

बच्चों की इस शानदार सफलता के लिए दिल्ली पब्लिक स्कूल को गोल्डन अवॉर्ड से भी सम्मानित किया गया। प्रधानाचार्या नीरजा व निदेशिका प्रिया डागर ने विद्यार्थियों को उज्वल भविष्य के लिए शुभकामनाएं दी। साथ ही इस सफलता का श्रेय बच्चों की मेहनत, शिक्षकों के मार्गदर्शन एवं अभिभावकों के सहयोग को दिया।

### क्विज प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने दिखाई प्रतिभा



**झज्जर।** क्विज प्रतियोगिता में सवाल-जवाब करते हुए विद्यार्थी। **फोटो :हरिभूमि**

**झज्जर।** आरईडी स्कूल छुछकवास में शुक्रवार को नशा मुक्ति पखवाड़े के अंतर्गत विद्यार्थियों के बीच स्लोगन लेखन व क्विज प्रतियोगिता कराई गई। प्रतियोगिता की शुरूआत करते हुए प्राचार्या सरिता मल्हान ने कहा कि नशा मानव जीवन का सबसे बड़ा शत्रु है। यह न केवल शरीर को हानि पहुंचाता है बल्कि परिवार और समाज को भी प्रभावित करता है। शाखा प्रमुख सुनील कादियान ने विद्यार्थियों को नशा मुक्त भारत की दिशा में सकारात्मक भूमिका निभाने का संदेश दिया। स्लोगन लेखन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने नशा मुक्त हो जीवन हमारा-तभी बनेगा देश प्यारा, नशा छोड़ो जीवन अपनाओ- स्वस्थ समाज की राह बनाओ आदि नारे लिखे। क्विज पमें भी विद्यार्थियों ने नशा मुक्ति से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियों का आदान-प्रदान किया।

## खबर संक्षेप



झज्जर। घायल गौवंश के साथ उपस्थित गौरक्षा दल के सदस्य।

### घायल गोवंश का करवाया उपचार

**झज्जर।** गौरक्षा दल के गौरक्षों ने शहरी क्षेत्र में घायल बेसहारा गौवंश को गौकुल धाम गौ चिकित्सालय पहुंचा कर उसकी जान बचाई है। गौरक्षा दल के बेरी हल्काध्यक्ष प्रदीप धौड़ ने बताया कि इस घायल गौवंश की पूछ वाले हिस्से पर किसी तेजधार हथियार से वार किया हुआ था। जब गौवंश भट्टी गेट की गली से गुजरा तो एक गौसेवक की नजर उस पर पड़ी। जिसके बाद उसने अपने टीम सदस्यों को बुलाया और गौ चिकित्सकों को भी इसकी सूचना दी। इसके बाद गौवंश को उपचार के लिए गुरुग्राम रोड स्थित गौकुल धाम गौ चिकित्सालय भेजा गया। उन्होंने बताया कि वे सोनू सरपंच की टीम में कार्य कर रहे हैं। उनकी टीम में रोहित, अक्षय, सूरज, नवनीत, कुलदीप, दिनेश व अनिल सहित अन्य सदस्य शामिल रहे।

### स्वास्थ्य जांच शिविर का 570 ने उठाया लाभ

**झज्जर।** विश्व जनसंख्या दिवस के उपलक्ष्य में शुक्रवार को रिलायंस मॉडल इकोनोमिक टाउनशिप द्वारा बादली गांव में विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन किया गया। रिलायंस फाउंडेशन के सहयोग से आयोजित इस शिविर में 570 से अधिक ग्रामीणों ने स्वास्थ्य जांच की गई तथा जरुरतमंद लोगों में निःशुल्क दवाई भी बांटी गई। केंद्रीय योग और प्राकृतिक चिकित्सा अनुसंधान संस्थान देवरखाना की ओर से डॉक्टर शिव खाड़ेकर, एसआरएफ सलाहकार कौशल तथा गौतम ने ग्रामीणों की स्वास्थ्य जांच की तथा जोड़ों संबंधी समस्याओं के समाधान के लिए योगाभ्यास भी कराया। एसजीटी विश्वविद्यालय की ओर से पहुंचे दंत चिकित्सक डॉक्टर शौर्य ने ग्रामीणों का मार्गदशन किया।

### समाधान शिविर की शिकायतों की हुई साप्ताहिक समीक्षा

**झज्जर।** शुक्रवार को हरियाणा सरकार में एसीएस डी सुरेश ने वीसी के माध्यम से समाधान शिविरों की साप्ताहिक समीक्षा की। वीसी में डीसी स्वप्निल रविंद्र पाटिल की अध्यक्षता में विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी शामिल हुए। डीसी ने जिले में प्राप्त शिकायतों और उनके निस्तारण की स्थिति की विस्तृत जानकारी दी। वीसी के बाद डीसी स्वप्निल पाटिल ने अधिकारियों की बैठक लेकर स्पष्ट किया कि यदि किसी शिकायत के समाधान में अनावश्यक देरी या गुणवत्ता में कमी पाई गई तो संबंधित अधिकारी के खिलाफ कार्रवाई होगी।

### सीनियर तैराकी में भी झज्जर का शानदार प्रदर्शन

# 200 मीटर ब्रेस्ट स्ट्रोक मैंस में अतुल ने सिल्वर और जयवर्धन ने जीता कांस्य




बहादुरगढ़। विजेता तैराकों को पुरस्कृत करते दिनेश कौशिक व अनिल खत्री आदि। फोटो: हरिभूमि

- एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राज्य तैराकी में दिखाया दमखम

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर की एचएल सिटी स्थित चैंपियंस एक्वेटिक एकेडमी के स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में राज्य तैराकी प्रतियोगिता जारी है। शुक्रवार को प्रतियोगिता के सीनियर मुकाबले शुरू हो गए। मैंस ग्रुप के 200 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक इवेंट में केशव फरीदाबाद को गोल्ड, अतुल धनखड़ झज्जर को सिल्वर और जयवर्धन राव को कांस्य पदक मिला। भाजपा नेता दिनेश कौशिक ने भी प्रतियोगिता में शिरकत की और तैराकों की हौसलाफजाई करते हुए विजेता तैराकों को मैडल पहनाए। पंजाब यूनिवर्सिटी के डायरेक्टर डॉ राकेश मलिक ने पीयू में तैराकों को फ्री एडमिशन देने तथा यूनिवर्सिटी की तरफ से खेलते हुए मेडल जीतने पर एक लाख का इनाम देने का ऐलान किया। वहीं 50 मीटर बैक्स्ट्रोक में झज्जर के दक्ष फोगाट ने गोल्ड मेडल और सोनीपत के आयान वीर खत्री ने सिल्वर मेडल जीता। जबकि 1500 मीटर फ्री स्टाइल में झज्जर के मयंक जून ने गोल्ड, गुरुग्राम के पूरब सहरावत ने सिल्वर और झज्जर के आरव धनखड़ ने कांस्य पदक जीता। उधर 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक में फरीदाबाद के केशव कौशिक ने गोल्ड, गुरुग्राम के निशांत ने सिल्वर और झज्जर के नितिन ने कांस्य पदक जीता। जींद के आदित्य ने 200 मीटर बटरफ्लाई में गोल्ड, झज्जर के मयंक जून ने सिल्वर, पलवल के रक्षित ने कांस्य पदक जीता। गुरुग्राम के निशांत ने 200 मीटर आईएम में गोल्ड, झज्जर के भोलेन्द्र ने सिल्वर और फरीदाबाद के केशव कौशिक ने कांस्य पदक जीता। लड़कियों के 1500 मीटर फ्रीस्टाइल इवेंट में गुरुग्राम की साम्या सिंगारी ने गोल्ड, झज्जर की समृद्धि विजयरन ने सिल्वर और फरीदाबाद की नियति जुल्का ने कांस्य पदक जीता। वहीं 50 मीटर बैक्स्ट्रोक में सोनीपत की भारती ने गोल्ड, गुरुग्राम की वीरा ने सिल्वर और गुरुग्राम की इवा गुप्ता ने कांस्य पदक जीता। जबकि 50 मीटर ब्रेस्टस्ट्रोक इवेंट में झज्जर की प्रियांशी ने गोल्ड, फरीदाबाद की पूर्णिमा ने सिल्वर और जींद की कीर्ति ने कांस्य पदक जीता। उधर 200 मीटर आईएम में गुरुग्राम की साम्या सिंगारी ने गोल्ड, सोनीपत की भारती ने सिल्वर और फरीदाबाद की पूर्णिमा कौशिक ने कांस्य पदक जीता। विजेता तैराकों को वार वेटर्न महेंद्र पहलवान और एक्स आर्मी पर्सन अजीत सिंह धनखड़ ने मेडल पहनाकर और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। इस मौके पर पार्षद भीम सिंह प्रणामी, राजबाला बहादुरगढ़, रवि सिंगारी, सुरेश जून, सुनील खत्री, बलवान पहलवान, सत्यनारायण शर्मा, साई जाधव, पदमपाल, विशाल, विकास, हर्ष कौशिक, प्रकाश कादयान, एके पंडित, साहिल, रविंद्र, राम ढुल, रामस्वरूप शर्मा, चेतन, अनिल शर्मा, विनोद, विजयपाल, संदीप सिरसा और कृष्णमुरारी आदि मौजूद रहे।



झज्जर। जिले के होनहार मुक्केबाजों के साथ कोच हितेश देशवाल। फोटो: हरिभूमि

## थाईलैंड में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे जिले के तीन मुक्केबाज

- मौसम, गौरव व हेमंत विभिन्न भार वर्ग में करेंगे प्रतिनिधितत्व

**झज्जर।** जिले के तीन मुक्केबाज खिलाड़ी आगामी 30 जुलाई से 12 अगस्त तक थाईलैंड के बैंकॉक शहर में होने वाली एशियन मुक्केबाजी चैंपियनशिप में भारत का प्रतिनिधित्व करेंगे। इनके अलावा बॉक्सिंग कोच हितेश देशवाल को भी राष्ट्रीय कोच के रूप में चुना गया है जो भारतीय टीम के साथ थाईलैंड जाएंगे। कोच हितेश देशवाल ने बताया कि जिले के मुक्केबाज मौसम सुहाग 65 किलोग्राम भार वर्ग में, गौरव कादियान 85 किलोग्राम भारवर्ग में तथा हेमंत सांगवान 90 किलोग्राम वर्ग में भारत की तरफ से रिंग में उतरकर अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाएंगे। इन सभी खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय स्तर पर स्वर्ण पदक जीतकर अपनी जगह भारतीय टीम में पक्की की है। फिलहाल ये तीनों मुक्केबाज महाराष्ट्र के औरंगाबाद स्थित राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर में दिन-रात कठिन अभ्यास कर रहे हैं।

## रविवार को भी वैश्य कॉलेज में होंगे एडमिशन

- रजिस्ट्रेशन करवाकर दाखिला ले सकेंगी छात्राएं : डॉ. राजवंती

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

शहर के वैश्य आर्य कन्या महाविद्यालय में स्नातक कक्षाओं में आर्ट व कंप्यूटर एप्लीकेशन के कोर्स में दाखिला पाने के लिए छात्राओं में उत्साह है। उच्चतर शिक्षा विभाग द्वारा स्नातक कक्षाओं में दाखिले के लिए फिजिकल कांउसलिंग के तहत दाखिला प्रक्रिया जारी है। दाखिले के लिए महाविद्यालय रविवार को भी खुला रहेगा। प्राचार्या डॉ. राजवंती शर्मा ने बताया कि छात्राओं को महाविद्यालय में आकर उच्चतर शिक्षा विभाग के पोर्टल पर आवेदन करके अपने दस्तावेज स्त्यापित करवाने के बाद फीस भरकर दाखिला लेना है। किसी कारणवश पहले रजिस्ट्रेशन नहीं करवा पाई छात्राएं भी अब महाविद्यालय में आकर रजिस्ट्रेशन करवाकर दाखिला ले सकती हैं। एडमिशन नोडल ऑफिसर डॉ. नेहा नैन ने बताया कि महाविद्यालय में बीए, बीकॉम, बीसीए तथा बीएससी में दाखिले के लिए फिजिकल कांउसलिंग 11 जुलाई से 17 जुलाई तक 100 रुपए लेट फीस के साथ होंगे। जबकि 18 से 24 जुलाई तक आवेदन करने के लिए 100 रुपए लेट फीस के साथ प्रतिदिन 100 रुपए का विलंब शुल्क भी उच्चतर शिक्षा द्वारा लिया जाएगा।



झज्जर। नशे से दूरी बनाए रखने की शपथ लेते हुए विद्यार्थी। फोटो: हरिभूमि

## विद्यार्थियों ने ली नशे से दूरी बनाए रखने की शपथ

**झज्जर।** कैंब्रिज इंटरनेशनल वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय भदाना में नशा मुक्त भारत पखवाडे के अंतर्गत विद्यार्थियों को नशे के प्रति जागरुक किया गया। विद्यार्थियों ने नशे से दूर रहने और जीवन को सकारात्मक दिशा देने की शपथ ली। इस दौरान नशा मुक्त भारत विषय पर तीसरी से पांचवीं कक्षा के बीच निबंध व भाषण प्रतियोगिता तथा छठी से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के बीच पोस्टर प्रतियोगिता भी कराई गई। विद्यालय निदेशक धर्मेंद्र जून ने बताया कि कार्यक्रम का उद्देश्य युवाओं को नशे के दुष्प्रभाव से अवगत कराना और राष्ट्रीय एकता को सशक्त बनाना रहा। कार्यक्रम में नशीली दवाओं के सेवन से होने वाली शारीरिक, मानसिक और सामाजिक दुष्परिणामों की जानकारी दी गई। उन्होंने विद्यार्थियों से कहा कि किसी भी प्रकार के नशे से दूर रहना चाहिए। नशा व्यक्ति को शारीरिक व मानसिक रूप से नष्ट कर देता है। इस मौके पर प्राचार्य विनोद कुमार, उपप्राचार्या संगीता जून, कोर्डिनेटर प्रियंका शर्मा सहित अन्य भी उपस्थित रहे।

# वार्षिक शिविर में संस्कारम स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने जीते 14 मेडल



झज्जर। शिविर के दौरान अधिकारियों के साथ उपस्थित एनसीसी कैडेट्स।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

दो जुलाई से 11 जुलाई तक राजकीय प्रौद्योगिकी औद्योगिक संस्थान लिसाना में आयोजित वार्षिक शिविर के दौरान संस्कारम स्कूल के एनसीसी कैडेट्स ने विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं में भाग लेते हुए 14 मेडल जीत कर संस्थान का नाम रोशन किया है। स्कूल के एएनओ मनीष योगी ने बताया कि राइफल शूटिंग में तनिष्का, वॉलीबॉल में वंशिका व लविशा तथा रस्सा कसी में लविशा ने गोल्ड मेउल हासिल किया। सामूहिक गान में मानसी, छवि व वंशिका गोल्ड मेडल जीता। इसके अलावा इको कंपनी की तरफ से भाग लेते हुए उनके संस्थान के कैडेट्स ने परेड में सिल्वर मेडल तथा सोलो सांग में तनिष्का, वंशिका, लविशा, मिताली ने सिल्वर मेडल जीते। उन्होंने बताया कि उनके संस्थान के विद्यार्थियों ने आठ गोल्ड व सात सिल्वर मेडल हासिल किए। इसके अलावा एनसीसी कैडेट अंजलि का चयन थल सैनिक कैंप के लिए हुआ है। वह पंजाब की एनसीसी अकादमी रोपड़ में आगामी बीस जुलाई तक चलने वाले शिविर में भाग लेंगी। इस उपलब्धि पर संस्कारम ग्रुप ऑफ स्कूल्स के चेयरमैन डॉक्टर महिपाल ने सभी विजेता कैडेट्स को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

# बीपीएल कार्ड धारकों व मध्यम वर्गीय परिवारों को प्रताड़ित कर रही सरकार : पाराशर

- सरसों के तेल का रेट बढ़ाने की निंदा, बढ़ते क्राइम पर भी घेरा



विकास पाराशर, जेजेपी जिला प्रवक्ता।

हरिभूमि न्यूज ▶▶ झज्जर

भाजपा सरकार लगातार अपने वायदों से मुकर रही है। सरकार बीते दिनों बढ़ाए गए बिजली के दामों के बाद एक बार फिर बीपीएल कार्ड धारकों, मध्यम वर्गीय परिवारों व किसानों को प्रताड़ित करने का काम कर रही हैं।

यह बात जन नायक जनता पार्टी के प्रवक्ता विकास पाराशर ने शुक्रवार को जारी विज्ञप्ति में कही। उन्होंने कहा कि बीपीएल कार्ड भाजपा का एक चुनावी एजेंडा था। चुनाव से पहले सरकार ने वोट लेने के लिए लाखों की संख्या में लोगों की आय का जायजा लेकर उनके बीपीएल कार्ड बनाए और चुनाव जीतने के बाद अब सरकार ने छह लाख से अधिक बीपीएल कार्ड धारकों को अचानक से इस श्रेणी से बाहर निकाल दिया है। इसके अलावा बीपीएल कार्ड धारकों को मिलने वाले खाद्य तेल के मूल्यों में ढाई गुणा बढ़ोतरी की। पहले जो खाद्य तेल 40 रुपये में दो लीटर मिलता था अब उसकी क़ीमत 100 रुपये कर दी गई है।

उन्होंने कहा कि आज न केवल इन नीतियों से लोग परेशान हैं बल्कि लगातार प्रदेश में क्राइम रेट भी बढ़ रहा। सरकार ना तो रोजगार देने में समर्थ हैं और ना ही अपनी बनाई हुई योजनाओं को पूरा कर पा रही हैं। जिसके कारण आमजन में सरकार के प्रति रोष बढ़ रहा है।

# चेयरपर्सन ने देवनगर में सुनीं जनसमस्याएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़



बहादुरगढ़। अधिकारियों के साथ सीवर ओवरफ्लो की समस्या का जायजा लेती सरोज राठी।

नगर परिषद चेयरपर्सन सरोज राठी शुक्रवार को जनस्वास्थ्य एवं अभियांत्रिकी विभाग तथा नगर परिषद के अधिकारियों को साथ लेकर वार्ड नंबर-26 के देव नगर में पहुंची। यहां उन्होंने लोगों की सीवर ओवरफ्लो की समस्या सुनीं। देव नगर निवासी दीपक दलाल, रवि दलाल, सोनू हुड्डा, रविंद्र फौजी, संजय फौजी, रामकरण पंडित, अमित लोहचब, राकेश गहलोत, हीरालाल, कमलेश देवी, सरोज, राजो, दर्शना व मोनिका आदि ने चेयरपर्सन सरोज राठी को सीवर ओवरफ्लो की समस्या से अवगत कराया। जलभराव की समस्या का स्थाई समाधान करने की मांग की। सरोज राठी ने मौके पर मौजूद जनस्वास्थ्य विभाग के अधिकारियों से जल्द इस गली की सीवर ओवरफ्लो की समस्या का स्थाई समाधान करने को कहा। उन्होंने बता या कि शहर में सीवर ओवरफ्लो, सफाई से संबंधित समस्या का समाधान प्राथमिकता के आधार पर किया जा रहा है। आम जनता भी पॉलिथीन व कूड़ा इधर-उधर फेंकने की बजाय नगर परिषद द्वारा सभी वार्डों में घर-घर से कूड़ा उठाने के लिए भेजी जा रही गाड़ियों में ही डालें। इस अवसर पर नगर परिषद के ईओ अरुण नांदल, सचिव प्रवीण, एमई राजेश कौशिक, जेई नीरज, जन स्वास्थ्य विभाग के एसडीओ नितिन आदि मौजूद रहे।

हरिभूमि
आवश्यक सूचना
जिन पाठकों को अखबार मिलने में किसी भी प्रकार की असुविधा हो रही हो या उनके घर में कोई अन्य अखबार दिया जा रहा हो वह इन टेलीफोन नम्बरों पर सम्पर्क करें या व्हाट्सअप करें :-
बहादुरगढ़ : सूरजमल वाली गली, गणपति ट्रैवलर्स के ऊपर, नजदीक टैक्सी स्टैंड, बहादुरगढ़
झज्जर :- पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, झज्जर
फोन : 8295738500, 8814999142, 8295157800, 9253681005

मृत्यु अंत नहीं है
मृत्यु कभी भी अंत नहीं हो सकती
मृत्यु एक पथ है, जीवन एक यात्रा है
आत्मा पथ प्रदर्शक है।



हरिभूमि
राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक
इस शोकाकुल समय में हम आपके सहभागी हैं।
तेरहवीं/श्रद्धान्जलि/शोक संदेश
आप अर्पित कीजिये अपने श्रद्धा-सुमन हरिभूमि के माध्यम से

| साईज | संस्करण | विशेष छूट राशि |
|---|---|---|
| 5×8 सें.मी<br>10×8 सें.मी | स्थानीय संस्करण के अन्दर के पृष्ठ पर | रु. 2500/-<br>रु. 3000/- |

+5% GST Extra
नोट : विशेष छूट राशि केवल उपरोक्त साईज पर मान्य। अन्य किसी साईज के लिए कार्ड रेट लागू।
अधिक जानकारी के लिए सम्पर्क करें
झज्जर : हरिभूमि कार्यालय, पुराना बर्फ खाना रोड, शिव चौक, फोन : 8295876400
बहादुरगढ़ : सुरजमल वाली गली, रोहतक रोड, गणपति ट्रैवल्स के ऊपर, 8295852900

# किर्गिस्तान में वरुण ने जीता गोल्ड मेडल

## पहलवान का स्वदेश लौटने पर एयरपोर्ट पर खेलप्रेमियों ने किया जोरदार स्वागत






बहादुरगढ़। पदक विजेता वरुण पहलवान तथा एयरपोर्ट पर वरुण का सम्मान करते पहलवान व कुश्ती प्रेमी। फोटो: हरिभूमि

- किर्गिस्तान के बिश्केक में अंडर-15, 20 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में देश का नाम रोशन किया
- वरुण ने 63 केजी ग्रीको रोमन शैली में पदक जीता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बहादुरगढ़

किर्गिस्तान में चल रही एशियन कुश्ती चैंपियनशिप में सोलधा का वरुण छाया रहा। शानदार प्रदर्शन करत हुए वरुण ने चैंपियनशिप में देश के लिए सिलवर मेडल जीता है। उसकी जीत पर परिजनों और खेल प्रेमियों ने खुशी जताई। शुक्रवार को स्वदेश लौटने पर दिल्ली स्थित एयर पोर्ट पर उसका जोरदार स्वागत किया गया।

दरअसल, पांच से 13 जुलाई तक किर्गिस्तान के बिश्केक में अंडर-15, 20 एशियन कुश्ती चैंपियनशिप का आयोजन किया गया है। कई एशियाई देशों के पहलवान इसमें भाग ले रहे हैं। भारत की ओर से सोलधा गांव के निवासी वरुण ने अंडर-20 वर्ग में दमखम दिखाया। बेहतरीन प्रदर्शन करते हुए वरुण पुत्र संजय कुमार ने देश के लिए सिलवर मेडल जीत लिया। उसकी जीत पर परिजनों, कोच और कुश्ती प्रेमियों ने खुशी जताई है। वरुण ने 63 केजी ग्रीको रोमन शैली में यह मेडल जीता है। इससे पहले भी वह मेडल जीतकर इलाके का मान बढ़ा चुका है।

शुक्रवार को स्वदेश लौटने पर दिल्ली स्थित एयर पोर्ट पर उसका जोरदार स्वागत किया गया। अखाड़े के पहलवानों व ग्रामीणों ने नोटों की मालाओं से उसका सम्मान किया। बुजुर्गों ने उज्ज्वल भविष्य का आशीर्वाद दिया। वरुण झज्जर स्थित पवन शास्त्री अखाड़ा में अभ्यास करता है।

रणवीर सिंह, जयभगवान, भगत सिंह, जगदीश, सतीश, प्रदीप, अनिल कुमार, संजय कुमार, पवन कुमार, अनिल कुमार, अशोक व विक्की आदि ने वरुण का अभिनंदन किया।



झज्जर। मीटिंग के दौरान आवश्यक दिशा निर्देश देते हुए एसीपी अनिरुद्ध चौहान।

## एसीपी ने आमजन को साइबर अपराध के प्रति जागरूक करने के दिए निर्देश

**झज्जर।** शुक्रवार को एसीपी अनिरूद्ध चौहान ने साइबर क्राइम थाना में तैनात कर्मचारियों की मीटिंग लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि थाने में आने वाले प्रत्येक व्यक्ति के साथ सम्मानजनक व्यवहार करें। उन्होंने कहा कि साइबर क्राइम के मामलों में आरोपी दूसरे स्टेट के ज्यादा पाए जाते हैं इसलिए हमें बैंक की सहायता से तुरंत साइबर फ्रॉड करने वाले आरोपियों के खाते को सीज करवाकर उनकी पूंजी को वापिस लाने में उनका सहयोग करना है। यह हमारी ड्यूटी के साथ-साथ नैतिक जिम्मेवारी भी है। इसके अलावा हमें लोगों को साइबर क्राइम के बारे में जागरूक करना है और उन्हें बताना है कि किसी भी अनजान फोन कॉल आने पर आप उसे अपने बैंक संबंधित जानकारी ना दें। उन्होंने कहा कि साइबर ठगी करने वाले व्यक्ति सबसे पहले हमें कम समय में ही ज्यादा मुनाफा कमाने या फिर हमें भावनात्मक तौर पर झांसे में लेते हुए साइबर ठगी का शिकार बना लेते है। उन्होंने कहा कि आजकल व्हाट्सएप के माध्यम से वीडियो कॉल पर अश्लील फिल्म बनाकर या फिर कस्टमर अधिकारी या अन्य अधिकारी बनकर लोगों को डराते हैं और समझौते के नाम पर पैसे ऐठ लेते हैं। हमें इन सब से सावधान रहने की जरूरत है। उन्होंने आमजन से अपील करते हुए कहा कि अगर आपके साथ किसी प्रकार का साइबर फ्रॉड होता है तो तुरंत इसकी शिकायत नजदीकी थाना या साइबर हेल्पलाइन नंबर 1930 पर दर्ज करवाएं।